## जब आप किसी सेवा पर जाते/जाती हैं तो आपको किन बातों पर ध्यान देना चाहिए

- क्या आपकी आवभगत की गई थी? उच्च गुणवत्ता के किंडरगार्टन कार्यक्रम परिवारों व शिक्षकों के बीच सहभागिता पर आधारित होते हैं। क्या शिक्षकों ने आपकी संतान और आपके परिवार के बारे में सवाल पूछे? क्या आपके सवालों और आपकी चिंताओं में शिक्षकों की रूचि थी?
- यदि आपकी संतान आपके साथ थी, तो क्या शिक्षकों ने आपकी संतान के साथ सीधे बातचीत की (आपके माध्यम से आपकी संतान से बातचीत करने की बजाए)?
- क्या सीखने के अलग-अलग मनोरंजनात्मक और चुनौतिपूर्ण अवसर उपलब्ध हैं जो सेवा का प्रयोग करने वाले बच्चों की संस्कृतियों का जश्न मनाते हैं?
- क्या अंदरूनी और बाहरी क्षेत्र बच्चों को सीखने के प्रेरक अनुभव प्रदान करते हैं – उदाहरणत:, नई चीज़ों को खोजने और उनका पता लगाने के अवसर? क्या बच्चों के पास दूसरे बच्चों के साथ या अकेले खेलने के लिए स्थान है? क्या ऐसे स्थान उपलब्ध हैं जहाँ बच्चे चुपचाप जाकर बैठ सकते हैं?
- क्या सेवा किंडरगार्टन सर्टिफिकेट प्रदर्शित करती है? यह सर्टिफिकेट दर्शाता है कि किंडरगार्टन कार्यक्रम विक्टोरियन सरकार से वित्त-पोषण प्राप्त करता है और यहाँ किसी प्रशिक्षित प्रारम्भिक बाल्यावस्था टीचर द्वारा पढ़ाया जाता है।
- राष्ट्रीय गुणवत्ता मानदण्ड पर सेवा को क्या दर्जा प्राप्त है (पूरी ऑस्ट्रेलिया में शिक्षा एवं देखरेख सेवाओं की गुणवत्ता प्रणाली का भाग)? क्या आप लिखित आंकलन देख सकते/सकती हैं?
- क्या स्थानों के लिए प्रतीक्षा सूची है? क्या नामांकन कराने या प्रतीक्षा सूची में अपना नाम लिखाने के लिए आपको डिपोजिट (पेशगी) देने की ज़रूरत है? यदि आप डिपोजिट देने में असक्षम हैं तो सेवा को सूचित करें।

## अपने सवाल तैयार रखें

- आपकी संतान की शिक्षा-प्राप्ति में मदद करने के लिए शिक्षक आपके साथ कैसे काम करेंगे?
- शिक्षक आपकी संतान की रूचियों को कैसे शामिल करेंगे?
- आपकी संतान की प्रगति की चर्चा करने के लिए क्या अवसर मौजूद होंगे?
- यदि आपकी संतान की अतिरिक्त ज़रूरतें हैं, तो सेवा आपकी व आपकी संतान की मदद कैसे करेगी?
- कार्यक्रम सकारात्मक व्यवहार को कैसे बढ़ावा देता है?
- यदि आपकी संतान अस्वस्थ या परेशान होती है तो क्या होगा?

## किंडरगार्टन शुरू करने पर मेरी संतान की आयु क्या होनी चाहिए?

आम-तौर पर बच्चे प्राईमरी स्कूल शुरू करने से पिछले वर्ष किंडरगार्टन कार्यक्रम में भाग लेते हैं। इसे अक्सर 'चार वर्ष के बच्चों के लिए किंडरगार्टन' कहा जाता है।

यदि आपकी संतान की आयु स्कूल जाना शुरू करने के वर्ष में 30 अप्रैल तक पांच वर्ष की हो जाती है तो वह स्कूल जाना शुरू कर सकती है। यह ज़रूरी है कि आपकी संतान के छ: साल के होने तक किसी स्कूल में उसका नामांकन हो, बशर्ते कि उन्हें इससे छूट मिली हो। इसलिए, यदि कैलेंडर वर्ष में आपकी संतान का जन्मदिन 30 अप्रैल से पहले आता है, तो आपके पास यह विकल्प है कि आप अपनी संतान को उनके पांच वर्ष की आयु के होने के वर्ष में या अगले वर्ष में स्कूल में भर्ती कराएँ। बच्चे अलग-अलग गति, अलग-अलग तरीकों, और अलग-अलग समयावधियों पर सीखते हैं। कुछ परिस्थितियों में, ऐसा हो सकता है कि आपकी संतान को किंडरगार्टन कार्यक्रम शुरू करने से लाभ पहुँचे।



## किंडरगार्टन शुरू करने के सबसे अच्छे समय से सम्बन्धित सलाह में कहाँ से प्राप्त कर सकता/सकती हूँ?

यदि आप अपनी संतान द्वारा किंडरगार्टन कार्यक्रम शुरू करने के सबसे अच्छे समय को लेकर अनिश्चित हैं, तो किंडरगार्टन शिक्षक से सलाह लें। यह पता लगाएँ कि किंडरगार्टन कार्यक्रम आपकी संतान की मदद कैसे कर सकता है।

उस स्कूल के प्रिंसिपल या टीचर से मुलाकात करें जिसमें आपकी संतान के जाने की संभावना है। आपकी संतान के प्रेप शुरू करने के सबसे अच्छे समय के बारे में बातचीत करें। यह पता लगाएँ कि प्रेप कार्यक्रम आपकी संतान की मदद कैसे कर सकता है।

साथ ही, आप अपनी संतान की मैटर्नल एंड चाइल्ड हेल्थ नर्स (मातृत्व एवं बाल स्वास्थ्य नर्स), फैमिली डॉक्टर और किसी ऐसी अन्य व्यवसायी से भी बात कर सकते/सकती हैं जिससे आपकी संतान इलाज कराती हो (उदाहरणत: स्पीच थेरेपिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट या बाल-चिकित्सक)।

## क्या मेरी संतान एक से अधिक वर्ष के लिए किंडरगार्टन जा सकती है?

वे बच्चे:

- जो एबोरिजनल (जनजातीय) और/या टोरस स्ट्रेट द्वीपवासी हों, या
- जिनके बारे में चाइल्ड प्रोटेक्शन (बाल संरक्षण) को पता हो, या जिन्हें चाइल्ड प्रोटेक्शन द्वारा Child FIRST को रेफर किया गया हो

वे प्राईमरी स्कूल जाना शुरू करने से दो वर्ष पहले तक किंडरगार्टन नि:शुल्क या कम शुल्क पर जा सकते हैं, आम-तौर पर वे तब इसे शुरू करते हैं जब वे तीन साल की आयु के होते हैं।

तीन साल की आयु के बच्चों के लिए नि:शुल्क किंडरगार्टन के बारे में और अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ 4 देखें।

विकासात्मक विलंब से ग्रस्त चार साल की आयु के बच्चों का किंडरगार्टन पूरा करने वाले कुछ बच्चों को स्कूल जाना शुरू करने से पहले वित्त-पोषित किंडरगार्टन में दूसरा साल लगाने से लाभ मिल सकता है।

यदि आपको इन विकल्पों के बारे में और अधिक जानकारी चाहिए तो किसी किंडरगार्टन शिक्षक से बात करें।

## क्या आपको किसी दुभाषिए की ज़रूरत है?

विक्टोरियन सरकार वित्त-पोषित किंडरगार्टन कार्यक्रमों में भाग लेने वाले परिवारों के लिए नि:शुल्क दुभाषिया सेवा प्रदान करती है। अपनी संतान के किंडरगार्टन शिक्षक या सेवा प्रबंधक को नि:शुल्क दुभाषिया सेवा को फोन करने के लिए कहें।

## सम्बन्धित लिंक्स

नि:शुल्क या कम शुल्क का किंडरगार्टन – **www.education.vic.gov.au/childhood/parents/kindergarten/Pages/fees.aspx**

तीन साल के बच्चों के लिए नि:शुल्क किंडरगार्टन – **http://www.education.vic.gov.au/childhood/parents/kindergarten/Pages/earlystart.aspx**

विकासात्मक विलंब से ग्रस्त बच्चों के लिए किंडरगार्टन का दूसरा वर्ष – **http://www.education.vic.gov.au/childhood/parents/kindergarten/Pages/secondyear.aspx**

तैयारकर्ता:
Department of Education and Training
2, Treasury Place, East Melbourne
Melbourne 3002
© विक्टोरिया राज्य अगस्त 2015



VICTORIA State Government | Education and Training

# किंडरगार्टन के बारे में संपूर्ण जानकारी

Hindi Translation



बच्चे स्कूल जाना शुरू करने से पिछले वर्ष किंडरगार्टन कार्यक्रम में जाते हैं, आम-तौर पर तब जब वे चार वर्ष के हो जाते हैं। कुछ सेवाएँ तीन वर्ष की आयु के बच्चों के लिए भी किंडरगार्टन कार्यक्रम प्रदान करती हैं।

आपकी संतान के किंडरगार्टन जाना शुरू करने के लिए सबसे अच्छा समय चुनने से सम्बन्धित परामर्श के लिए पृष्ठ 6 देखें

## किंडरगार्टन (बालविहार) क्या होता है?

किंडरगार्टन (इसे प्रीस्कूल भी कहा जाता है) छोटे बच्चों के लिए एक कार्यक्रम है जिसे किसी प्रशिक्षित एर्ली चाइल्डहुड टीचर (प्रारम्भिक बाल्यावस्था अध्यापक) द्वारा प्रदान किया जाता है।

## मेरी संतान को किंडरगार्टन क्यों जाना चाहिए?

किंडरगार्टन छोटे बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होता है और दृढ़तापूर्वक सभी बच्चों के लिए इसका सुझाव दिया जाता है।

अनुसंधान दर्शाता है कि किंडरगार्टन बच्चों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को बेहतर बनाता है, दृढ़ सामाजिक योग्यताओं का विकास करने में उनकी मदद करता है और सीखने के प्रति लगाव को बढ़ावा देता है।

किंडरगार्टन जाने वाले बच्चे अधिक स्वतंत्र और आत्म-विश्वासी होते हैं और प्राईमरी स्कूल (प्रेप) जाने में आसानी से परिवर्तन करने की उनकी संभावना अधिक होती है।

## किंडरगार्टन पर क्या होता है?

उच्च गुणवत्ता का किंडरगार्टन कार्यक्रम आपकी संतान के लिए सीखने के अलग-अलग अनुभव और गतिविधियाँ उपलब्ध कराएगा जो कि दोनों ही प्रेरक और मनोरंजनक होंगी। प्राकृतिक विश्व की खोज करना, नए विचारों से अवगत कराए जाने और समस्याओं का समाधान करने जैसे अनुभवों व गतिविधियों के द्वारा आपकी संतान की शिक्षा-प्राप्ति और जिज्ञासा को बढ़ावा दिया जाएगा।

आपकी संतान निम्नलिखित करने में सक्षम होगी:

- अन्य बच्चों के साथ काम करना सीखने में और सामूहिक गतिविधियों तथा सहयोगात्मक खेलकूद के माध्यम से मित्र बनाने में
- अपनी रचनात्मकता को प्रकट करने में, उदाहरणत: नृत्य, गति एवं कला के माध्यम से
- शिक्षकों और दूसरे बच्चों की बातें सुनने और उनसे बातचीत करके अपनी संचार योग्यताओं का निर्माण करने में
- रीडिंग (पठन), राइटिंग (लेखन) और गणित के लिए उनके लिए ज़रूरी योग्यताओं का विकास करने में।





## मैं किंडरगार्टन का पता कहाँ से लगा सकता/सकती हूँ?

कुछ किंडरगार्टन स्वचलित सेवाओं के रूप में संचालन करते हैं (उदाहरणत: सामुदायिक किंडरगार्टन)। अन्य किंडरगार्टन कार्यक्रमों का संचालन लांग डे केयर सेंटर्स या स्कूलों के माध्यम से किया जाता है।

अपने स्थानीय क्षेत्र (या अपनी पसंद के क्षेत्र) में किंडरगार्टन कार्यक्रम का पता लगाने के लिए **www.education.vic.gov.au/findaservice/Home.aspx** देखें या अपनी स्थानीय काउंसिल से संपर्क करें, जिसका पता आप **www.dtpli.vic.gov.au** पर जाकर लगा सकते/सकती हैं।

किसी ऐसे किंडरगार्टन कार्यक्रम का पता लगाने से सम्बन्धित सलाह के लिए पृष्ठ 4 देखें जो आपके परिवार के लिए उपयुक्त हो।

## सभी बच्चे किंडरगार्टन में भाग ले सकते हैं।

किंडरगार्टन सभी बच्चों के लिए होता है। यदि आपकी संतान विकलांगता से ग्रस्त है या उसे सीखने से सम्बन्धित कोई कठिनाई है, तो शिक्षक इस बारे में आपसे बात करेंगे कि कार्यक्रम और परिसर आपकी संतान की सहायता कैसे कर सकता है।

यदि अपनी संतान को किसी किंडरगार्टन कार्यक्रम में भर्ती कराने या आपके परिवार के लिए उपयुक्त किसी कार्यक्रम का पता लगाने में आपको मदद चाहिए तो अपनी स्थानीय काउंसिल से संपर्क करें।

## किंडरगार्टन में कितना खर्च आता है?

विक्टोरियन सरकार वित्त-पोषित किंडरगार्टन कार्यक्रम का संचालन करने के खर्च में योगदान देने के लिए सेवाओं को धन-राशि प्रदान करती है, जिससे चार-वर्ष की आयु वाले बच्चों के किंडरगार्टन के शुल्क को जितना संभव हो सके उतना कम रखने में मदद मिलती है।

इस सर्टिफिकेट की तलाश करें, जो यह दर्शाता है कि किंडरगार्टन कार्यक्रम विक्टोरियन सरकार से धन-राशि प्राप्त करता है और इसे किसी प्रशिक्षित प्रारम्भिक बाल्यावस्था टीचर द्वारा प्रदान किया जाता है।




किंडरगार्टन कार्यक्रम उपलब्ध कराने वाली सेवाएँ अक्सर कार्यक्रमों का संचालन करने के खर्च को पूरा करने में मदद के लिए शुल्क लेते हैं। शुल्क व्यक्तिगत सेवाओं द्वारा निर्धारित किए जाते हैं और यह इस बात पर निर्भर करते हुए अलग-अलग हो सकते हैं कि आपकी संतान कितने घंटे किंडरगार्टन में जाती है, समूह का आकार कितना है और सैर-सपाटे जैसे अतिरिक्त खर्च कितने हैं।

## मेरी संतान किंडरगार्टन में प्रति सप्ताह कितने घंटे जा सकती है?

चार-वर्ष की आयु वाले बच्चों के अधिकांश किंडरगार्टन कार्यक्रम प्रति सप्ताह 15 घंटे के लिए प्रदान किए जाते हैं।

## स्कूल से पहले के वर्ष में बच्चों के लिए नि:शुल्क या कम शुल्क का किंडरगार्टन

विक्टोरियन सरकार कुछ बच्चों के लिए शुल्क में सब्सिडी (छूट) प्रदान करती है ताकि वे बच्चे प्राईमरी स्कूल जाना शुरू करने से पिछले वर्ष में नि:शुल्क या कम शुल्क पर किंडरगार्टन जा सकें, आम-तौर पर जब वे बच्चे चार वर्ष की आयु के हों।







आपकी संतान इसके लिए पात्र है यदि वह:

- एबोरिजनल (जनजातीय) और/या टोरस स्ट्रेट द्वीपवासी है
- एक साथ पैदा हुए तीन या चार बच्चों में से एक हैं
- पात्र कन्सैशन कार्ड या रिफ्यूज़ी, ह्यूमैनटेरीअन या असाइलम सीकर वीज़ा धारक हैं (या उनके माता या पिता या अभिभावक इसके धारक हैं)।

यदि आपको लगता है कि आपकी संतान शुल्क सब्सिडी के लिए पात्र हो सकती है तो अपनी संतान के किंडरगार्टन शिक्षक या सेवा प्रबंधक से इस बारे में पूछें।

## तीन वर्ष की आयु वाले बच्चों के लिए नि:शुल्क किंडरगार्टन

विक्टोरियन सरकार कुछ बच्चों के लिए शुल्क में सब्सिडी (छूट) प्रदान करती है ताकि वे प्राईमरी स्कूल जाना शुरू करने से पहले के दो वर्षों तक किंडरगार्टन में नि:शुल्क भाग ले सकें, आम-तौर पर जब वे तीन साल की आयु के होते हैं।

आपकी संतान किंडरगार्टन में नि:शुल्क भाग लेने की पात्र होती है यदि वह 30 अप्रैल तक कम से कम तीन वर्ष की होगी और:

- वह एबोरिजनल (जनजातीय) और/या टोरस स्ट्रेट द्वीपवासी हो, या
- चाइल्ड प्रोटेक्शन (बाल संरक्षण) को उसके बारे में पता हो, या उसे चाइल्ड प्रोटेक्शन द्वारा Child FIRST को रेफर किया गया हो।

यदि आपकी संतान ने स्कूल जाना शुरू करने से पहले दो वर्ष तक नि:शुल्क कार्यक्रम में भाग लिया है, तो वह अगले वर्ष चार वर्ष की आयु के बच्चों के कार्यक्रम में नि:शुल्क या कम शुल्क पर भाग ले सकती है।

तीन वर्ष की आयु के बच्चों के लिए नि:शुल्क किंडरगार्टन कार्यक्रम के बारे में और अधिक जानकारी के लिए अपनी संतान के किंडरगार्टन शिक्षक या सेवा प्रबंधक से बात करें।

## किंडरगार्टन कार्यक्रम का चयन करना

हर परिवार अलग-अलग होता है। इसका अर्थ यह है कि आपके द्वारा चुना गया किंडरगार्टन कार्यक्रम आपकी संतान और परिवार के लिए अच्छी तरह उपयुक्त होना चाहिए।

शुरूआत से ही किंडरगार्टन कार्यक्रम की खोज करना एक अच्छा विचार है, क्योंकि नामांकन प्रक्रियाएँ पूरे विक्टोरिया में अलग-अलग तरह की होती हैं। कुछ सेवाएँ बच्चों के दो वर्ष के होने पर आवेदन स्वीकार करती हैं।

आपके पास किंडरगार्टन कार्यक्रमों की संक्षिप्त सूची आने के बाद, यह पता करने के लिए सेवाओं से संपर्क करें कि क्या वे ओपन डे या सूचना सत्र या आयोजन कर रही हैं, या मुलाकात करने के लिए अपॉइंटमेंट बुक (समय-नियुक्ति) करें।

यह प्रत्येक कार्यक्रम को 'समझने', अपनी संतान के बारे में सवाल पूछने और सूचना सांझा करने का बढ़िया अवसर होता है। आप यह भी पता लगा सकते/सकती हैं कि किंडरगार्टन कार्यक्रम कितने दिनों और किन समयावधियों में संचालन करता है, यह कि आप अपनी संतान का नामांकन कैसे करा सकते/सकती हैं और लिए जाने वाले शुल्क क्या हैं और क्या कोई सब्सिडी उपलब्ध है।

यदि हो सके तो एक से अधिक कार्यक्रम में जाएँ। कोशिश करें कि आप केवल अन्य परिवारों के विचारों पर ही निर्भर न करें।